## एक नजर में

### कलेक्टर गर्ग ने पोषण-वन अंतर्गत विद्यालय क्रमांक-2 में किया फलदार पौधारोपण



**मंदसौर।** जिले में पर्यावरण संरक्षण, पोषण संवर्धन एवं हरित पहल को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर अदिति गर्ग ने पोषण-वन अंतर्गत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2, मंदसौर परिसर में 25 फलदार पौधों का रोपण किया। यह कार्यक्रम सार्थक संस्था द्वारा डॉ. उर्मिला तोमर के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें कलेक्टर गर्ग मुख्य अतिथि रहीं। पौधारोपण अवसर पर कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने कहा कि औद्योगीकरण एवं शहरीकरण के कारण फलदार वृक्षों में लगातार कमी आ रही है, ऐसे में पोषण-वन जैसी योजनाएं न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक हैं, बल्कि विद्यार्थियों एवं समाज में पोषण और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता भी विकसित करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। इस दौरान कलेक्टर गर्ग ने महारानी जयवंता कंवर उद्यान में पौधों पर लगाए गए क्यूआर कोड आधारित नवाचार की सराहना की। उन्होंने स्वयं क्यूआर कोड स्कैन कर तुलसी एवं अमरूद जैसे पौधों की जानकारी प्राप्त की और इसे पर्यावरणीय जागरूकता की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया।

### एक ही रात में तीन बाइक चोरी, तीन कार चोरी का प्रयास नाकाम



**पिपलियामंडी।** नगर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बीती रात चोरों ने बेखौफ होकर अलग-अलग इलाकों में तीन मोटरसाइकिल चोरी कर लीं, वहीं तीन कारों को चोरी करने का प्रयास किया गया, लेकिन वाहन स्टार्ट नहीं होने से चोर असफल रहे। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है, जिसमें चार संदिग्ध युवक नजर आ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुराना बिजली ऑफिस रोड, सब्जी मंडी क्षेत्र से एक बाइक, टीलाखेड़ा क्षेत्र से एक बाइक तथा प्रगति फर्टिलाइजर के सामने से एक अन्य बाइक चोरी हुई। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस चौकी पिपलियामंडी में प्रकरण दर्ज किया गया है। इसके अलावा मुंडड़ा कॉलोनी, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने तथा टीलाखेड़ा क्षेत्र में खड़ी कारों को चोरों ने धक्का देकर ले जाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी भीमसिंह राठौर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू की। एसडीओपी नरेन्द्र सोलंकी ने बताया कि फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी नगर में बड़ी चोरी की वारदातें हो चुकी हैं, जिससे क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल है।

### शानदार प्रस्तुतियों व पुरूस्कार वितरण के साथ वार्षिक उत्सव लिटिल आइंस्टीन स्कूल में संपन्न



**नाहरगढ़।** वार्षिक उत्सव रंगारंग महोत्सव 2025 का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। साल भर आयोजन पर पुरूस्कार वितरण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। छात्रों ने सरस्वती वंदना के बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। राजस्थानी लोक नृत्य, देशभक्ति नाटक और समसामयिक विषयों पर आधारित मूक अभिनय ने दर्शकों का मन मोह लिया। अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। भूतपूर्व सैनिक परिवार नाहरगढ़ द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरण भी किया गया। अभिभावकों ने भी बच्चों के टैलेंट की जमकर सराया की। अंत में संस्थान के डायरेक्टर वासुदेव शर्मा ने सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों और छात्रों को बधाई दी और सभी का आभार माना। कार्यक्रम का संचालन स्कूल मैनेजमेंट हेड ज्योति प्रजापति ने किया।

### पेंशनर दिवस नाहरगढ़ में मनाया



**नाहरगढ़।** पेंशनर दिवस पर आयोजन हुआ। सेवानिवृत्त वह पेंशनर नागरिक महासंघ की इकाई नाहरगढ़ ने खाकी बाग मंदिर पर पेंशनर दिवस मनाया। शुभारंभ पर मां सरस्वती पूजन मुख्य अतिथि वरिष्ठ पेंशनर द्वारा किया गया। पेंशन भोगियों का सम्मान व गरिमा दिलाने के लिए वर्षों तक संघर्ष किया, पेंशन कोई दान नहीं है कोई अनुग्रह नहीं है यह तो जीवन भर दी गई सेवाओं के लिए भुगतान है, सभी सदस्यों को इसी प्रकार सहयोग देने का आग्रह भी किया गया। इकाई ने पूर्व में किए गए कार्यों पर चर्चा की एवं आगामी सामाजिक कार्यों को और मजबूती से करने का आवाहन किया। ओम प्रकाश राठौर द्वारा इकाई ने अनेकों सामाजिक कार्य एवं पेंशनरों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करवाया। आपने एक पेंशनर की समस्या का मौके पर ही वरिष्ठ अधिकारी से फोन पर बात कर सात दिवस में निराकरण करने की बात मजबूती से रखी एवं आगे भी इसी प्रकार सहयोग देते रहने की बात कही, आपने भी कई प्रसंग सुनाए। इकाई उपाध्यक्ष उत्तम सिंह नरवरिया ने इकाई को निरंतर सहयोग देने व पेंशनरों का जन्मदिन मनाने की बात कही एवं सल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### संधारा ग्राम पंचायत में एस एच जी कैंप का आयोजन



**मंदसौर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा एसएचजी कैंप एनआरएलएम डीपीएम श्री अनिल मरावी एवं नाबार्ड डीडीएम श्री योगेंद्र सैनी की उपस्थिति में संधारा ग्राम पंचायत परिसर में आयोजित किया गया इस कैंप में कुल 51 लाख रुपए का वितरण किया गया इसके अलावा वित्तीय साक्षरता और साइबर फ्रॉड से बचने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

## गरोठ क्रिकेट महाकुंभ में हर्ष पटेल के 6 गेंदों पर 6 चौके

▸ **अनिकेत की हैट्रिक सहित 5 विकेट**



**गरोठ।** स्व. मदनलाल अग्रवाल एवं स्व. नंदलाल अग्रवाल की स्मृति में गरोठ क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में दशहरा मैदान स्टेडियम में आयोजित अखिल भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को रोमांचक मुकाबले खेले गए। चौथे दिन तीन मैचों में खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। पहले मैच में स्टार इलेवन आलोट ने सुवासरा क्रिकेट टीम को 8 विकेट से पराजित किया। सुवासरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 66 रन बनाए। आलोट की ओर से संकेत अग्रवाल ने 1 ओवर में 4 विकेट लेकर शानदार गेंदबाजी की। जवाब में आलोट के बल्लेबाज हर्ष पटेल (बड़ौदा, गुजरात) ने 14 गेंदों पर 49 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें लगातार 6 गेंदों पर 6 चौके शामिल रहे। दूसरे मैच में आंत्रीमाता टीम ने रावसा इलेवन नाहरगढ़ को करारी शिकस्त दी। रावसा टीम मात्र 23 रन पर ऑलआउट हो गई, जो टूर्नामेंट का सबसे कम स्कोर रहा। आंत्रीमाता के गेंदबाज अनिकेत भोई ने हैट्रिक सहित 5 विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया। आंत्रीमाता ने 4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया, विजय डेनों ने 20 रन बनाए।

तीसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला आलोट स्टार एवं आंत्रीमाता के बीच खेला गया, जिसमें आंत्रीमाता ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 123 रन बनाए। अनिकेत भोई ने 50 रन की शानदार पारी खेली। जवाब में आलोट स्टार की टीम 64 रन ही बना सकी और आंत्रीमाता ने 59 रन से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आज के मुकाबलों में आंत्रीमाता के फील्डर नासिर नटिया (गुजरात) ने दो मैचों में 10 कैच पकड़कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। मैचों में अंपायरिंग पप्पू भाई अग्रवाल एवं अज़हर नीलगर ने की, जबकि कमेंट्री अरुण गिरोठिया और स्कोरिंग केशव मालवीय ने की।

गरोठ क्रिकेट क्लब अध्यक्ष सचिन अग्रवाल ने बताया कि टूर्नामेंट के पांचवें दिन शुक्रवार को मीणा 11 अहमदाबाद, दूधाखेड़ी माताजी, भीलवाड़ा स्टार एवं एबी आज़म आलोट के बीच मुकाबले खेले जाएंगे।



## अभिव्यक्ति स्थल पर हर रविवार सजेगा जैविक हाट बाजार

**मंदसौर।** जिले में प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों को उनकी उपज के लिए उचित विपणन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा अभिव्यक्ति स्थल, महाराणा प्रताप बस स्टैंड के पास, मंदसौर में जैविक हाट बाजार का आयोजन किया जा रहा है।

उप संचालक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग श्री रविंद्र मोदी ने बताया कि यह जैविक हाट बाजार 21 दिसंबर 2025 से प्रत्येक रविवार, प्रातः 11.00 बजे से नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। इस हाट बाजार में मंदसौर जिले के जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले कृषक, कृषक समूह तथा स्व-सहायता समूह अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को विक्रय कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक उत्पादों की बिक्री हेतु यह एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। साथ ही उपभोक्ताओं को शुद्ध, स्वास्थ्यवर्धक एवं रसायन मुक्त उत्पाद उचित दरों पर उपलब्ध होंगे। जिले के समस्त जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले कृषकों, उत्पादक समूहों तथा क्रेता-विक्रेताओं से आग्रह किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में जैविक हाट बाजार में सहभागिता करें।



## सुंदरलाल पटवा मेडिकल कॉलेज में तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**मंदसौर।** सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए आपातकालीन देखभाल, बर्न-इंजरी-ट्रॉमा प्रबंधन एवं सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग पर आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 से 17 दिसंबर तक आयोजित किया गया, जो 17 दिसंबर को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में रतलाम, नीमच, आगर मालवा एवं मंदसौर जिलों के 39 CHOs ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अधिष्ठाता डॉ. शशि गांधी ने किया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्तर पर आपातकालीन सेवाओं को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण का आयोजन नोडल अधिकारी डॉ. सुनील कांत गुलेरी (विभागाध्यक्ष, कम्युनिटी मेडिसिन) व उनकी टीम द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने आपातकालीन देखभाल, ट्रॉमा, सर्पदंश, जहर, मातृ-शिशु आपात स्थिति तथा सर्वाइकल कैंसर की पहचान हेतु VIA स्क्रीनिंग पर व्याख्यान व व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। प्रतिभागियों को स्किल लैब में सीपीआर, रक्तस्राव प्रबंधन एवं VIA प्रक्रिया का अभ्यास कराया गया तथा जिला चिकित्सालय में लाइव केस स्टडी भी कराई गई। एनएचएम सलाहकार डॉ. विशाल जायसवाल ने प्रशिक्षण की सराहना की। समापन अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. शशि गांधी ने CHOs से प्रशिक्षण में अर्जित कौशल का क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं हेतु उपयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन डॉ. सचिन गुप्ता ने किया।

## मन्दसौर सीए ब्रांच में प्रति शुक्रवार क्लीनिक शुरू

**मंदसौर।** दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की *MSME* व स्टार्टअप कमेटी द्वारा उद्योग स्थापित करने वाले उद्यमियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु अपनी सभी 185 शाखाओं में *MSME Clinic* प्रारंभ किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में जैन कॉलेज स्थित सीए इंस्टीट्यूट की मन्दसौर शाखा में भी दिनांक 19 दिसम्बर 2025 शुक्रवार को MSME Clinic प्रारंभ किया जा रहा है। MSME Clinic में प्रत्येक शुक्रवार को सायं 4 से 6 बजे तक शहर के चार्टर्ड अकाउंटेंट उद्योग स्थापित करने हेतु आवश्यक जानकारी निःशुल्क रूप से प्रदान करेंगे। 19 दिसंबर 2025 को सीए रोहन सोमानी उद्योग स्थापित करने हेतु शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने हेतु दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की जैन कॉलेज परिसर में स्थित मन्दसौर ब्रांच में उपलब्ध रहेंगे।



## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय मंदसौर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**मंदसौर. बेस्ट पावरलिफ्टर अवॉर्ड महिला वर्ग में सिमरन हरवा व बेस्ट बॉडीबिल्डर अवॉर्ड अभिनव चौहान को मिला।**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय मंदसौर द्वारा संभाग स्तरीय पावरलिफ्टिंग व बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया, जिसमें उज्जैन संभाग के विभिन्न महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस प्रतियोगिता में मंदसौर कॉलेज के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अनेक वर्गों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किए और महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

बॉडीबिल्डिंग के विजेता: रितिक राठौर कैटेगरी 60 में प्रथम स्थान ,अभिनव चौहान कैटेगरी 70 में प्रथम स्थान,भूपेंद्र बिलोदिया कैटेगरी 75 में प्रथम स्थान महिला वर्ग पावर लिफ्टिंग में विजेता खिलाड़ी:

52 किग्रा वर्ग - रत्ना प्रजापत, प्रथम स्थान,57 किग्रा वर्ग - मधु अवस्थी प्रथम स्थान,63 किग्रा वर्ग - सिमरन हरवा प्रथम स्थान पुरुष वर्ग पावरलिफ्टिंग में विजेता खिलाड़ी, 59 किग्रा वर्ग - रितिक राठौर, द्वितीय स्थान , 74 किग्रा वर्ग - भूपेंद्र बिलोदिया, प्रथम स्थान,93 किग्रा वर्ग - निलेश राठौर, प्रथम स्थान इन सभी खिलाड़ियों का चयन अखिल भारतीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। साथ ही इस प्रतियोगिता को सफल और निष्ठापूर्ण तरीके से आयोजित करने में आजाद सिंह सोलंकी, राजप्रताप सिंह चंदेल, यश कुमावत ने टेक्निकल ऑफिशियल के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.जे.एस. दुबे, जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा, महाविद्यालय क्रीड़ा अधिकारी श्री राजू कुमार, कोच आजाद सिंह सोलंकी व महाविद्यालय परिवार ने भी सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मंदसौर में जैन समाज के समता भवन का भूमि वंदन परिवर्धन कार्यक्रम

**मंदसौर। अखिल भारतवर्षीय साधु मार्गी जैन संघ के अंतर्गत साधु मार्गी जैन संघ, मंदसौर द्वारा शुद्ध धार्मिक आराधना एवं साधना के उद्देश्य से प्रस्तावित समता भवन के भूमि वंदन परिवर्धन कार्यक्रम का आयोजन रविवार 14 दिसंबर 2025 को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ।**




कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप से हुआ। भूमि पूजन के पश्चात मंगलाचरण एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। समता संस्कार पाठशाला के बच्चों द्वारा नाट्य रूपांतरण के माध्यम से वर्तमान परिस्थितियों में युवा पीढ़ी किस दिशा में जा रही है तथा उसे किस दिशा में जाना चाहिए—इसका प्रभावशाली संदेश दिया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा।

संघ अध्यक्ष प्रकाशचंद जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'सच्चा दान वही है, जो बिना किसी अपेक्षा के किया जाए। समाज को आगे बढ़ाने में दान की भूमिका मौन लेकिन अत्यंत प्रभावशाली होती है।'

पधारे अतिथियों का परिचय महेश नाहटा एवं मंदसौर संघ के महामंत्री राकेश चौधरी ने कराया तथा कार्यक्रम का संचालन भी किया।

इस अवसर पर अखिल भारतवर्षीय साधु मार्गी जैन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र गांधी (जावद), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय टंच (बदनावर), राष्ट्रीय महामंत्री विनोद मेहता (रतलाम),

महिला समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष चंचलाजी सांखला (दुर्ग), चित्रेश मेहता (इंदौर), महेश नाहटा (नगरी) एवं आशीष समदरिया (खिरकिया) ने अपने संबोधन में कहा कि गुरुदेव एवं उपाध्याय प्रवर का अतिशय और पुरुषार्थ सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहा है, जिसके परिणामस्वरूप मात्र दो वर्षों की अवधि में 108 दीक्षाएं संपन्न हुईं। वक्ताओं ने बताया कि प्रस्तावित समता भवन निर्माण हेतु गुरु भक्तों द्वारा सराहनीय दान घोषणाएं की गईं।

चित्रेश मेहता ने कहा कि 'दान का भाव जितना उदार होता है, गुरु कृपा से उसकी पूर्ति उतनी ही सहजता से होती है—बस भाव शुद्ध होना चाहिए।'

इस अवसर पर मनोज गुप्ता (कचोरी वाले) ने 21,000 रु की राशि समर्पित कर अपनी श्रद्धा एवं भक्ति प्रकट की।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री सुरेशजी बछावत (बीकानेर), राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश बछावत (भीनासर), महिला समिति की राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संध्याजी धारीवाल (रायपुर), मंदसौर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, सहित राष्ट्रीय एवं आंचलिक पदाधिकारी, साधु मार्गी जैन श्रावक संघ मंदसौर के समस्त पदाधिकारीगण एवं सैकड़ों ऊर्जावान गुरु भक्त उपस्थित रहे।



## बेहतर कार्य करने वाली बैंकों का भारत पर्व पर होगा सम्मान

▸ **जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक संपन्न**

**मंदसौर, 18 दिसंबर।** कलेक्टर अदिति गर्ग की अध्यक्षता में सुशासन भवन में जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शासकीय योजनाओं के लक्ष्यों को समय-सीमा से पूर्व पूर्ण करने वाले बैंकों को भारत पर्व पर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में सेंट्रल बैंक, शामगढ़ के उत्कृष्ट कार्य की सराहना की गई ।कलेक्टर ने सभी बैंकों को मासिक समीक्षा कर 31 दिसंबर तक वित्तीय वर्ष के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। कम उपलब्धि व बैठक में अनुपस्थित रहने पर एक्सिस बैंक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। ग्रामीण बैंक को भी अगली बैठक से पूर्व लक्ष्य पूर्ण करने को कहा गया। प्रधानमंत्री आवास शहरी 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की जियो-टैगिंग शीघ्र पूर्ण करने, पीएम जीवन ज्योति बीमा में लक्ष्य पुनरीक्षण, 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान में बंद खातों को सक्रिय करने तथा पीएम स्वनिधि प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मत्स्य विभाग को किसान क्रेडिट कार्ड के लक्ष्यों को पूर्ण करने को कहा गया।

**एक नजर** ▸ **इनरव्हील क्लब मंदसौर दशपुर में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विभा सिंह का भव्य स्वागत**

## छह माह में 108 सेवा प्रकल्पों से समाज सेवा की मिसाल

**मंदसौर। इनरव्हील क्लब ऑफ मंदसौर दशपुर द्वारा बुधवार को डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विभा सिंह के मंदसौर आगमन के अवसर पर एक भव्य, प्रेरणादायी एवं सेवा-प्रधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब अध्यक्ष नेहा संचेती के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सामाजिक सरोकार, सेवा भावना, महिला सशक्तिकरण एवं मानवीय संवेदनाओं को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया गया।**



> डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विभा सिंह ने अपने उद्बोधन में क्लब अध्यक्ष नेहा संचेती एवं संपूर्ण टीम की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि इनरव्हील क्लब ऑफ मंदसौर दशपुर समाज सेवा एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में निरंतर उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के अध्यक्ष भूपेंद्र जी सोनी, इनरव्हील क्लब मंदसौर की अध्यक्ष हेमा जी हिंगड़ एवं सचिव रचना जी, शक्ति क्लब की अध्यक्ष विशाखा जी पारिख एवं सचिव पिंकी जी जैन सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। एमएलबी विद्यालय की छात्रा जया द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना ने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न सेवा प्रकल्पों का संचालन किया गया। वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों को व्हीलचेयर वितरित की गईं। शासकीय अस्पताल में मरीजों की सुविधा हेतु एक स्ट्रेचर, दो पलंग, वृद्धजनों के लिए डायपर, दस कंबल एवं पाँच ब्लड प्रेशर मापने की मशीनें भेंट की गईं।

शिक्षा के क्षेत्र में सेवा कार्य करते हुए एमएलबी विद्यालय की बच्चियों एवं शिक्षकों के बैठने के लिए टेबल प्रदान किए गए। वहीं चंद्रपुरा विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को विद्यालय बैग, स्टील की बोतलें एवं स्टेपर्स वितरित किए गए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया।

सेवा के क्रम में मीना जी पोरवाल द्वारा एक जरूरतमंद बालिका को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई मशीन प्रदान की गई, वहीं एक जरूरतमंद भाई को आटा चक्की भेंट की गई, जिससे उन्हें आजीविका का साधन प्राप्त हो सके।

क्लब अध्यक्ष नेहा संचेती ने जानकारी देते हुए बताया कि इनरव्हील क्लब ऑफ मंदसौर दशपुर द्वारा मात्र छह महीनों में कुल 108 सेवा प्रकल्प सफलतापूर्वक संपन्न किए गए, जो क्लब की सक्रियता एवं समाज सेवा के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

कार्यक्रम में क्लब की पूर्व अध्यक्षों, सदस्यों एवं दानदाताओं का सम्मान स्मृति-चिह्न प्रदान कर किया गया। क्लब सचिव नीता रिछावरा ने क्लब की वर्षभर की गतिविधियों एवं आगामी योजनाओं की जानकारी दी। कोषाध्यक्ष उषा टेकवानी, आईएसओ प्रीति रत्नावत एवं संपादक दीप्ति अग्रवाल ने अपनी-अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। इमीडिएट पास्ट प्रेसिडेंट मेघा जी द्वारा डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन का परिचय कराया गया तथा वाइस प्रेसिडेंट सोनम जी मेहता ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शोभिता जी पोरवाल एवं दिव्या जी जैन द्वारा किया गया।

इस अवसर पर क्लब की पूर्व अध्यक्ष पूजा जी बग्गा, संपादक दीप्ति अग्रवाल एवं सदस्य टीना जी वर्मा द्वारा प्रस्तुत नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से महिलाओं की शिक्षा, आत्मनिर्भरता एवं खेलों में भागीदारी का सशक्त संदेश दिया गया। नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि महिलाओं को केवल चारदीवारी तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए तथा लड़कियों और लड़कों में समानता होनी चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्लब सदस्यगण, पूर्व अध्यक्षगण, दानदाता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।